दिनांक 03.04.2019

स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

रंगोली में उकेरे मतदाता जागरूकता के संदेश

भिलाई नगर/ 23 अप्रैल मंगलवार को शत्-प्रतिशत मतदान संभव हो इसलिए नगर पालिक निगम, भिलाई द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत् विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में बुधवार को निगम मुख्यालय परिसर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें निगम के अधिकारी, कर्मचारियों के साथ ही शहर के महिला एवं छात्राओं और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

रंगोली प्रतियोगिता का उद्देश्य सामुहिक रुप से रंगोली उकेरकर मतदाताओं को जागरूकता का संदेश देना तथा शत्-प्रतिशत मतदान करवाना रहा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों में भारी उत्साह देखा गया प्रतिभागियों ने रंगोली के माध्यम से मतदान में भाग लेने के लिए अपना संदेश पहुंचाया।

जनसम्पर्क अधिकारी!

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''
''वोट डालने जाना है- 23 अप्रैल को अपना फर्ज निभाना है''